Naidunia

PSC confused, called-not in interviews

रायपुर। ब्यूरो। छत्तीसगढ़ पीएससी की पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज में लेक्चरर और सहायक प्राध्यापक भर्ती में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। पीएससी ने कॉलेजों में सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, माइनिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलिकम्यूनिकेशन विषय के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की।

इलेक्ट्रिकल की पोस्ट के इंटरव्यू के लिए 104 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया, लेकिन 40 उम्मीदवारों को यह कहकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया कि उनकी डिग्री इस परीक्षा के योग्य नहीं है। प्रदेश में 23 साल बाद इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी। ऐसे में अब उम्मीदवार पीएससी से लेकर टेक्निकल एजुकेशन विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

नईदुनिया को मिली जानकारी के अनुसार पीएससी ने विज्ञापन में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के लिए आवेदन मंगाए। इस परीक्षा में बीई और ईईई (इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग) के उम्मीदवारों ने भाग लिया। परीक्षा पास करके इंटरव्यू में पहुंचे उम्मीदवारों ने बताया कि मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कई प्रदेशों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के लिए बीई और ईईई विभाग के उम्मीवार योग्य माने जाते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसे योग्य नहीं माना जा रहा है।

मुख्य सचिव से की शिकायत
पद्मनि हरदेव, आरती वर्मा, गिरीजाशंकर, भरथरी सिंह, मनीष साहू ने आरोप लगाया कि विज्ञापन में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि इलेक्ट्रिकल विषय के लिए इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के स्टूडेंट पात्र नहीं होंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव विवेक ढांड से 20 से ज्यादा उम्मीदवारों ने मंत्रालय में शिकायत की। भरथरी सिंह और मनीष साहू ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से उस निर्देश के बारे में जानकारी मांगी गई, जिसमें इस पद के लिए ईईई के छात्र अयोग्य है, लेकिन विभाग की ओर से कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए।

प्रदेश में ईईई के उम्मीदवार गाइड लाइन के अनुसार इलेक्ट्रिकल के पद के लिए योग्य नहीं हैं। इसके कारण ही उनको इंटरव्यू से पहले हुई स्क्रिनिंग और डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद बाहर कर दिया गया। -एसएस बजाज, कमिश्नर, तकनीकी शिक्षा

तकनीकी शिक्षा विभाग के सब्जेक्ट एक्सपर्ट डाक्यूमेंट का वेरिफिकेशन करते हैं। उसमें योग्य पाए जाने वाले उम्मीदवारों का इंटरव्यू होता है। जो योग्य नहीं पाए गए, उनका इंटरव्यू नहीं किया गया। -एके मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक, पीएससी

फैक्ट फाइल

22 मई को लिखित परीक्षा का आयोजन

07 सितंबर को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया

94 इंजीनियरिंग कॉलेज के सहायक प्राध्यापक की होगी भर्ती

444 पॉलिटेक्निक के व्याख्याता पद पर होगी भर्ती